**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक – 28.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पार्ट टू के कार्यकाल का एक साल पूरा, रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री करीब 10 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।**
2. **राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सुधार की दिशा में शुरु किया बड़ा अभियान, पहले चरण में गांवों और पंचायतों में खोले जायेंगे 745 अबुआ मेडिकल स्टोर।**
3. **आइआइएम रांची में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस शुरु, दुनिया के 21 संस्थानों के प्रतिनिधि ले रहे हैं हिस्सा।**
4. **नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 44वां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का हुआ समापन, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए फोकस स्टेट झारखंड को मिला स्वर्ण पदक।**

**और**

5. **भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को होने वाले एकदिवसीय मैच को लेकर रांची में बढ़ा क्रिकेट का रोमांच, आज जेएससीए स्टेडियम में दोनों टीमों के खिलाड़ी नेट पर बहायेंगे पसीना।**

*******************

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पार्ट –2 के कार्यकाल का आज एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विभिन्न विभागों में नवनियुक्त करीब 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। मौके पर राज्य के सभी मंत्री मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार राज्य के विकास के लिए अगले 50 वर्षों के रोडमैप के साथ आगे बढ़ रही है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार के एक साल के कार्यकाल को जहां सत्ता पक्ष बेहतरीन बता रहा है, वहीं विपक्ष ने इसे निराशाजनक बताया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा है और राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है।

*******************

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सुधार की दिशा में बड़ा अभियान शुरु किया है। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य की जनता के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देना सरकार की प्रतिबद्धता है। वे रांची में आयोजित आयुष्मान भारत–मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत राज्यस्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डा. अंसारी ने घोषणा की कि स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच गांवों और पंचायतों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने पहले चरण में 745 अबुआ मेडिकल स्टोर खोलने का फैसला किया है।

*******************

जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे और उनके करीबी विनय सिंह सहित सात लोगों के खिलाफ रांची के जगन्नाथपुर थाने में धोखाधड़ी और कंपनी हड़पने का केस दर्ज किया गया है। इन दोनों के अलावा विनय सिंह की पत्नी स्निधा सिंह, अरविन्द वर्मा, विशाल सिंह, राजेश कुमार सिन्हा और राजीव कुमार झा को नामजद आरोपी बनाया गया है। अड़गोड़ा निवासी दीपक कुमार ने प्राथमिकी में विनय चौबे और विनय सिंह पर आपराधिक षडयंत्र रचकर उनकी कंपनी पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है।

*******************

आइआइएम रांची में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस की शुरुआत हो गयी है। इसमें भारत के सभी 21 आइआइएम के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस कांफ्रेंस में 13 अलग–अलग एक हजार से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

*******************

पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ गयी है। उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चेस्ट जांच में निमोनिया की पुष्टि हुई है। उनका ऑक्सीजन का स्तर भी कम हो गया है। उन्हें फिलहाल इनवेजिव वेंटिलेटर पर रखा गया है।

*******************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 44वां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला सम्पन्न हो गया है। फोकस स्टेट झारखंड को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान झारखंड की नवाचार क्षमता, सांस्कृतिक विविधता और अद्भुत प्रस्तुति कौशल के लिए दिया गया। मेले में जेएलएसपीएस से जुड़े सखी मंडलों की महिलाओं ने दमदार उपस्थिति दर्ज की और 30 लाख रुपये से अधिक के उत्पाद बेचे।

*******************

गुमला जिले में रक्षा पेंशन भोगियों एवं पारिवारिक पेंशन भोगियों की सुविधा के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विशेष पहल की गयी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

*******************

56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव – इफ्फी आज गोवा में भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न होगा, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 20 नवंबर से शुरू हुए इस महोत्सव में 81 देशों की 240 से ज़्यादा फ़िल्में दिखाई गईं, जिनमें वैश्विक सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ फ़िल्में शामिल थीं।

*******************

उत्तरी दिशा से चल रही ठंडी हवा से राज्य में लगातार पारा गिर रहा है। रांची में तापमान 8 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं रांची के कांके में 5 दशमलव 4 डिग्री दर्ज किया गया है। राज्य के 13 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने अपने पूर्वानुमान में बताया कि 30 नवंबर को रांची में होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका मैच पर मौसम का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

*******************

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को होने वाले एक दिवसीय मुकाबले को लेकर रांची में क्रिकेट का रोमांच काफी बढ़ गया है। दोनों देशों की टीम रांची पहुंच चुकी है। इसके साथ ही दोनों टीमों के प्रैक्टिस का समय निर्धारित किया गया है। आज साउथ अफ्रीका की टीम दोपहर एक बजकर 30 मिनट से दोपहर 4 बजकर 30 मिनट तक प्रैक्टिस करेंगी जबकि भारतीय खिलाड़ी शाम 5 बजकर 30 मिनट से रात आठ बजकर 30 मिनट तक नेट पर पसीना बहायेंगे।

*******************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने भारत और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के रांची पहुंचने की खबर को प्रमुखता दी है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– रांची की पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को होगा फायदा।

**दैनिक भास्कर** ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– विजन 2050: अग्रणी राज्यों में खड़ा होगा झारखंड...।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– पतरातू घाटी में ट्रेलर ने दो छात्रों को रौंदा, मौत।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– दो से अधिक संतान वाला व्यक्ति नहीं लड़ सकेगा निकाय चुनाव।

*******समाप्त*************